BSER


19) दिये गये प्रिज्म के लिऐ विचलन कोण है ? (1)

चित्र :–



(अ) i (ब) r (स) e (द) a

Which is the angle of deviation for the given prism ?



(A) i (B) r (C) e (D) a

20) डबल रोटी (ब्रेड) के पैकेट में ब्रेड पर धागेनुमा संरचनाएं किस कवक का जाल होती हैं? (1)

(अ) स्पाइरोगायरा (ब) अमीबा (स) राइजोपस (द) यीस्ट

In Bread packets the thread like structure seen on the bread are network of which fungus ?

(A) Spirogyra (B) Amoeba (C) Rhizopus (D) Yeast

BSER

खण्ड–ब

Section-B

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न (VSA) (शब्द सीमा 20–30 शब्द)

21) पुनरुद्भवन को परिभाषित करें। एक उदाहरण दीजिए। (1 + 1 =2)

Define Regeneration. Give an Example.

22) यदि किसी पौधे में से जाइलम ऊतकों को बाहर निकाल दे तो पौधे पर क्या प्रभाव पडेगा? (2)

What effect would it have on a plant if the xylem tissue is removed from the plant?

23) चुम्बक के बाहर एवं भीतर चुम्बकीय बल रेखाओं की दिशा को वर्गीकृत कीजिए। (2)

Classify the direction of magnetic field lines outside and inside the magnet ?

24) निम्न अभिक्रिया में उपचयित पदार्थ की पहचान किजिए – (2)

$ZnO + C \rightarrow Zn + CO$

Identify the substance oxidised in the following reaction –

$ZnO + C \rightarrow Zn + CO$

25) एक दम्पति के 2 संतान लड़कियाँ होने के बाद तीसरी संतान लड़का होने की सम्भावना कितने प्रतिशत है? (2)

After a couple has two daughters, what is the probability (Percentage) that their third child will be a boy?

26) अम्ल के जलीय विलयन को विद्युत परिपथ में डालने पर परिपथ से जुडा हुआ बल्व चमकने लगता है, इस प्रेक्षण के विश्लेषण द्वारा किसी विद्यार्थी ने अम्ल के जलीय विलयन का कौनसा गुण स्वतः ही बता दिया ? लिखिए। (2)

When the aqueous solutions of an acid is put in electric circuit the bulb connected in circuit starts glowing. Write which property of an aqueous solution of an acid did a students prove by this observation?

27) जल में डूबी हूई मछली वास्तविक गहराई से ऊपर उठी हुई दिखाई देती है। यह प्रकाश की किस घटना के कारण होता है ? घटना की परिभाषा लिखो। (2)

Fish submerged in water appears to be raised above its actual position (depth). Due to which phenomenon of light does this occur? Also write definition of phenomenon.

28) थाइरॉइड ग्रंथि से स्रावित होने वाले हार्मोन का नाम एवं इस हार्मोन की कमी से होने वाले रोग का नाम लिखो। (2)

Write the name of hormone secreted by the Thyroid gland and also write the disease caused by the deficiency of hormone?

BSER

खण्ड–स

Section-C

लघुतरात्मक प्रश्न (SA) (शब्द सीमा 30–50 शब्द)

29) यौगिक A और एल्यमिनियम का उपयोग रेल की पटरियों को जोड़ने के लिए किया जाता है।

(1 + 1 +1 =3)

(i) यौगिक A का नाम लिखिए।

(ii) उक्त रासायनिक अभिक्रिया का नाम लिखिये।

(iii) उक्त रासायनिक अभिक्रिया का समीकरण लिखिए।

Compound A and Aluminium are used for joining railway tracks.

(i) Write name of compound A

(ii) Write name of above chemical reaction

(iii) Write equation of above chemical reaction

30) (i) एकलिंगी और उभयलिंगी पुष्प में अंतर स्पष्ट कीजिए। (1 + 1 +1 =3)

(ii) पुष्प के अनुदैर्ध्य काट का नामांकित चित्र बनाइए।

(iii) पुष्प के जननांगों के कार्यों को लिखिए।

(i) Explain the differences between unisexual and bisexual flowers

(ii) Draw a labelled diagram of longitudinal section of flower

(iii) Write the functions of reproductive parts of flower

31)(i) धारावाही परिनलिका से उत्पन्न चुम्बकीय बल रेखाओं का प्रतिरूप खीचिए। (1+1+1=3)

(ii) चुम्बकीय बल रेखाओं के कोई 2 गुण लिखिए।

(iii) घरेलू विद्युत परिपथों में अतिभारण से बचाव के लिए कोई दो सावधानी लिखिए।

(i) Draw a diagram showing the magnetic field line passing through a current carrying solenoid ?

(ii) Write any 2 characteristics of magnetic field lines.

(iii) Write any 2 precautions to avoid overloading in domestic electrical circuits .

32) निम्नलिखित रासायनिक अभिक्रियाओं को उनके प्रकार के साथ मिलान कीजिए:

(1+1+1=3)

स्तंभ–अ (अभिक्रिया)

(a) $CuO + H_2 \rightarrow Cu + H_2O$

(b) $Zn + CuSO_4 \rightarrow ZnSO_4 + Cu$

(c) $CaCO_3 \rightarrow CaO + CO_2$

स्तंभ–ब (प्रकार)

(1) विस्थापन अभिक्रिया

BSER

(2) रेडॉक्स अभिक्रिया
(3) वियोजन अभिक्रिया

Match the following chemical reactions.

Column-A (Reaction)

(a) $CuO + H_2 \rightarrow Cu + H_2O$
(b) $Zn + CuSO_4 \rightarrow ZnSO_4 + Cu$
(c) $CaCO_3 \rightarrow CaO + CO_2$

Column-B (Type)

(1) Displacement Reaction
(2) Redox Reaction
(3) Decomposition Reaction

33) मस्तिष्क जटिल रूप से सुव्यवस्थित अतिसुक्ष्म धागेनुमा संरचनाओं के घने जालों से बना होता है, यह खोपड़ी के आगे के हिस्से में स्थित होता है, और शरीर के सभी भागों से संकेतों (सुचनाऐं) को प्राप्त करता है। जिन पर वह विचार कर प्रतिक्रिया देता है, इन संकेतों (सुचनाओं) को प्राप्त करने के लिए खोपड़ी में स्थित मस्तिष्क के इस विचार (सोचने) वाले भाग को शरीर के विभिन्न भागों से आने वाली तंत्रिकाओं का जुड़ा होना जरूरी है। (1 + 1 +1 =3)

(i) मस्तिष्क में उपस्थित इन धागेनुमा संरचनाओं को क्या कहते हैं? (1)
(ii) मस्तिष्क के सोचने/विचार करने वाले मुख्य भाग को क्या कहते हैं ? (1)
(iii) शरीर के सभी भागों से मस्तिष्क तक सूचनाएं किन संरचनाओं द्वारा पहुंचती है ? (1)

The brain is made up of well-arranged microfiber like structures with dense network. It is located in front part of the skull and receives various signals (information) from all parts of body, on the basis of this makes decisions very seriously. To receive their signals (information), the thinking part of the brain present in the skull must be connected through these nerves coming from different parts of the body.

(i) Write names of these threads like structure present in brain?
(ii) Write the name of part which is known as main thinking part?
(iii) Through which structure these signals (information) reached in brain from various parts of body?

34) (A) निम्न को परिभाषित किजिए – (2 +1 =3)

(i) समंजन क्षमता (ii) प्रकाश का विक्षेपण

(B) तारे क्यों टिमटिमाते हैं ? कारण सहित स्पष्ट किजिए।

BSER

(A) Define the following -

(i) Power of accommodation (ii) Dispersion of light

(B) Why do stars twinkle? Explain with reason.

35) क्लोर–क्षारक प्रक्रिया को सचित्र समझाईये और इसमें सम्मिलित रासायनिक अभिक्रिया का समीकरण लिखिए। (2 +1 =3)

Explain Chlor alkali process with labelled diagram and also write equation of this chemical reaction.

अथवा / OR

उस पदार्थ का नाम लिखिए जिसका उपयोग डॉक्टर टूटी हुयी हड्डियों को सही जगह पर स्थिर रखने के लिए करते हैं तथा यह पदार्थ कैसे बनता है? इस पदार्थ द्वारा जिप्सम के बनने की रासायनिक अभिक्रिया लिखिए। (2 +1 =3)

Name the Substance which doctors use as plaster for supporting fractured bones and how it is formed? Write equation for formation of Gypsum by this substance.

36) एक जंगल के पारिस्थितकी तंत्र में हरे पेड़–पौधे (घास एवं झाड़ियाँ) सूर्य के प्रकाश से अपना भोजन बनाते हैं, इन हरे पेड़–पौधों को खरगोश खाते हैं, इन खरगोशों का शिकार लोमड़ियाँ करती हैं, लोमड़ी का शिकार शेर करता है। यह एक सीधी खाद्य श्रृंखला है। यदि इनमें से किसी भी जीव की संख्या प्रकृति में कम हो जाती है तो पूरी खाद्य श्रृंखला का असंतुलन हो जाता है। (1+1 +1 =3)

उक्त विवरण को ध्यान से पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(i) यदि इस खाद्य श्रृंखला से सभी लोमड़ियों को हटा दिया जाय तो क्या होगा?

(ii) उपरोक्त खाद्य श्रृंखला में प्राथमिक उपभोक्ता कौन है?

(iii) पारिस्थितिक तंत्र में हरे पेड़–पौधे सूर्य के प्रकाश द्वारा भोजन किस प्रक्रिया से बनाते हैं?

In a forest Ecosystem green plants (grass and shrubs) prepare their food using sunlight. Rabbits feed on these plants. Foxes prey on rabbits and Tigers hunt foxes. This is a simple food chain. If the population of any one of these organism decreases in nature, the entire food chain becomes imbalanced.

Read the above description carefully and answer the following questions -

(i) What will happen if all the foxes are removed from this food chain?

(ii) Who is the primary consumer in the above food chain?

(iii) By which process do green plants prepare food using sunlight in an ecosystem?

अथवा / OR

BSER

ओजोन (O_3) के अणु ऑक्सीजन के परमाणुओं से बनते हैं। जहाँ ऑक्सीजन सभी प्रकार के वायविक जीवों के लिए आवश्यक है, वहीं ओजोन एक घातक विष है। परन्तु वायुमंडल के ऊपरी स्तर में ओजोन एक आवश्यक प्रकार का कार्य सम्पादित करती है।

उक्त विवरण को ध्यान से पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(i) ओजोन क्षति के कारण बताएं।

(ii) ओजोन क्षति पृथ्वी पर जीवन को किस प्रकार प्रभावित करती है?

(iii) ओजोन क्षति को कम करने के लिए क्या उपाय किये जाने चाहिए?

Ozone (O_3) is a molecule formed by atoms of oxygen. While oxygen is essential for all aerobic forms of life, Ozone is a deadly poison. However, at the higher level of atmosphere, Ozone performs an essential function.

Read the above description carefully and answer the following questions –

(i) What causes Ozone layer depletion?

(ii) How Ozone layer depletion can affect life on Earth?

(iii) What measures can reduce this depletion of Ozone layer?

BSER

खण्ड–द

Section-D

दीर्घउत्तरीय प्रश्न (Long Answer) (शब्द सीमा 100–150 शब्द)

37) (i) प्रकाश के परावर्तन से आप क्या समझते हैं? (1+2 +2 =5)

(ii) अवतल दर्पण की सहायता से प्रतिबिम्ब प्राप्त करने का किरण चित्र बनाइए जबकि

(a) बिम्ब (वस्तु) वक्रता केन्द्र (C) पर स्थित हो।

(b) बिम्ब (वस्तु) फोकस (F) पर स्थित हो।

(iii) किसी बिम्ब (वस्तु) को 16 सेमी. फोकस दूरी के अवतल दर्पण से 24 सेमी. की दूरी पर रखा गया है, दर्पण से कितनी दूरी पर पर्दे को रखा जाए कि स्पष्ट प्रतिबिम्ब प्राप्त हो?

(i) What do you understand by reflection of light?

(ii) Draw a ray diagram to obtain the image with the help of Concave mirror when -

(a) The object is located at the Centre of Curvature (C)

(b) The object is located at Focus (F)

(iii) An object is placed at 24 cm in front of Concave mirror with focal length of 16 cm. At what distance from the mirror should a screen be placed in order to obtain a clear image?

अथवा / OR

(i) प्रकाश के अपवर्तन से आप क्या समझते हैं ?

(ii) किसी अवतल लेंस की सहायता से प्रतिबिम्ब प्राप्त करने का किरण चित्र बनाइए –

(a) बिम्ब (वस्तु) अनंत पर स्थित हो।

(b) बिम्ब (वस्तु) अनंत तथा प्रकाशिक केन्द्र (O) के मध्य स्थित हो।

(iii) किसी अवतल लेंस की फोकस दूरी 15 सेमी है। बिम्ब को लेंस से कितनी दूरी पर रखें कि इसके द्वारा बिम्ब (वस्तु) का लेंस से 10 सेमी. दूरी पर प्रतिबिम्ब बने?

(i) What do you understand by Refraction of light?

(ii) Draw a ray diagram to obtain the image with the help of a Concave lens when -

(a) The object is located at infinity.

(b) The object is located between infinity and optic centre (O)

(iii) A Concave lens has focal length 15 cm. At what distance should the object from the lens be placed so that it forms an image at 10 cm from the lens?

38) (i) अपररूप किसे कहते हैं ? (1+3 +1 =5)

(ii) हीरा एवं ग्रेफाइट में कोई 3 अन्तर लिखिए।

(iii) हीरे की संरचना का नामांकित चित्र बनाइए?

(i) What is Allotrope?

(ii) Write any 3 differences between diamond and graphite.

(iii) Draw Labelled diagram of structure of diamond.

अथवा / OR

(i) श्रृंखलन किसे कहते हैं?

(ii) संतृप्त हाइड्रोकार्बन एवं असंतृप्त हाइड्रोकार्बन में 3 अन्तर लिखिए।

(iii) बेन्जीन का संरचनात्मक सूत्र लिखिए।

(i) What is Catenation?

(ii)Write 3 differences between Saturated Hydrocarbon and Unsaturated Hydrocarbon.

(iii) Write Structural formula of Benzene.

39) (i) ओम का नियम लिखिए। (1+2 +2 =5)

(ii) किसी चालक तार का प्रतिरोध किन–किन कारकों पर निर्भर करता है? वर्णन कीजिए।

(iii) 400 वाट का कोई रेफ्रिजेरेटर 8 घण्टे प्रतिदिन उपयोग में लाया जाता है, 3 रूपये प्रति यूनिट की दर से इसे 30 दिन तक चलाने के लिए ऊर्जा का मूल्य क्या होगा?

(i) Write Ohm's Law?

(ii) On which factors does the resistance of a conductor depend? Explain.

(iii) A refrigerator rated 400 W operates 8 hours/day. What is the cost of the energy to operate it for 30 days at unit rate Rs 3.00?

अथवा / OR

BSER

(i) जूल का तापन नियम स्पष्ट कीजिए?

(ii) श्रेणीक्रम संयोजन और समान्तर क्रम संयोजन में कोई 2 अन्तर लिखिए।

(iii) किसी 4 Ω प्रतिरोधक से प्रति सेकण्ड 100 जूल ऊष्मा उत्पन्न हो रही है, तो प्रतिरोधक के सिरों पर विभवांतर ज्ञात करो?

(i) Explain Joule's law of Heating?

(ii) Write any two differences between series combination and parallel combination?

(iii) 100 J of heat is produced each second in a 4 Ω resistance. Find the potential difference across the resistance.

40) (i) एटीपी का पूरा नाम लिखिए। (1+2 +2 =5)

(ii) विभिन्न पथों द्वारा ग्लूकोज के विखण्डन का आरेख बनाकर समझाइए।

(iii) मानव श्वसन तन्त्र का नामांकित चित्र बनाइए।

(i) Write Full form of ATP

(ii) Explain with diagram the breakdown of glucose molecule through different pathways?

(iii) Draw a labelled diagram of human respiratory system.

अथवा / OR

(i) अपोहन क्या है ?

(ii) मानव उत्सर्जन प्रक्रिया की क्रिया विधि का वर्णन करें।

(iii) वृक्काणु की संरचना का नामांकित चित्र बनाइए।

(i) What is Dialysis?

(ii) Explain and describe the mechanism of process of human excretion.

(iii) Draw a labelled diagram of structure of nephron

BSER

माध्यमिक परीक्षा, 2026–2027

Secondary Examination, 2026-2027

उत्तर कुंजी (Answer Sheet)

विषय – विज्ञान

Sub : Science

Sub Code :- 07

कक्षा – 10

Class : 10^{Th}

प्रश्न संख्या	अपेक्षित उत्तर	मूल्यांकन मापदण्ड (रूब्रिक्स)	पाठ्य पुस्तक की पृष्ठ संख्या
1.	(अ) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल	1	95
2.	(ब) ऐसिटिक अम्ल	1	81
3.	(ब) $Ca(OH)_2$	1	34
4.	(द) टंगस्टन	1	227
5.	(अ) IR^2	1	212
6.	(द) मुकूलन	1	129
7.	(अ) धारा नियंत्रक	1	194
8.	(ब) 1986	1	235
9.	(ब) 100%	1	143
10.	(स) हाइड्रोजन	1	2
11.	(ब) सिल्वर सल्फाइड़	1	58
12.	(अ) पोटेशियम	1	42
13.	(अ) 1 %	1	232
14.	(ब) 0^0	1	162
15.	(ब) समयुग्मजी	1	144
16.	(ब) तंत्रिका कोशिका	1	144

BSER

17.	(ब) OH-	1	26
18.	(ब) ब्यूटेन	1	74
19	(द) a	1	183
20.	(स) राइजोपस	1	131
21.	पुरूद्भवन –परिभाषा–1 उदाहरण–1	2	129
22	प्रभाव लिखने पर (जल एवं खनिज लवणों का संवहन रूक जायेगा)	2	105
23.	चुम्बक के बाहर N-S 1 अंक चुम्बक के भीतर S-N 1 अंक	2	218
24.	उपचयित पदार्थ C 1 अंक उपचयन द्वारा परिवर्तन CO 1 अंक	2	14
25	50% आधी/आधी सम्भावना–पुत्र/पुत्री	2	146
26	अम्ल में सुचालक होने का गुण लिखने पर	2	25
27	कारण प्रकाश का अपवर्तन 1 अंक परिभाषा–लिखने पर 1 अंक	2	160
28	हार्मोन का नाम लिखने पर 1 अंक कमी से होने वाले रोग का नाम लिखने पर 1 अंक	2	122
29	यौगिक का नाम 1 अंक रा. अभिक्रिया का नाम 1 अंक रा. अभिक्रिया समीकरण लिखने पर– 1 अंक	3	57
30	एक अंतर लिखने पर 1 अंक नामांकित चित्र बनाने पर 1 अंक नर जननांग/मादा जननांग ½+½ कार्य 1 अंक	3	133
31	चित्र बनाने पर (चु.बल रेखाओं) 1 अंक चु. बल रेखाओं के 2 गुण ½+½ 1 अंक 2 सावधानी लिखने पर ½+½ 1 अंक	3	218, 227
32	प्रत्येक रासायनिक अभिक्रिया का मिलान करने पर प्रति 1 अंक 1X3	3	8, 11, 13
33	(i)धागेनुमा संरचना (तंत्रिका कोशिका न्यूराँन) लिखने पर 1 अंक (iii)तंत्रिकाओं द्वारा लिखने पर 1 अंक (ii) प्रमस्तिष्क लिखने पर 1 अंक	3 अंक	115
34.	(A)(i) परिभाषा लिखने पर 1 अंक (ii) परिभाषा लिखने पर 1 अंक	3	179, 184,

BSER

	(B) कारण लिखने पर 1 अंक		186
35.	क्लोर क्षार प्रक्रिया का चित्र 1 अंक वर्णन करने पर 1 अंक रा. अभिक्रिया समीकरण लिखने पर 1 अंक **अथवा** (OR) i. **पदार्थ के नाम तथा बनने की क्रिया लिखने पर** — 2 **अंक** ii. **जिप्सम के बनाने की रासायनिक क्रिया लिखने पर** — 1 **अंक**	3	33
36.	(i) पारिस्थितिक तंत्र के असंतुलन लिखने पर 1 अंक (ii) प्रा. उपभोक्ता खरगोश लिखने पर 1 अंक (iii) प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया लिखने पर 1 अंक **अथवा** (OR) (i) **ओजोन क्षति के कारण लिखने पर** — 1 **अंक** (ii) **ओजोन क्षति के प्रभाव लिखने पर** — 1 **अंक** (iii) **ओजोन क्षति रोकने के उपाय लिखने पर** — 1 **अंक**	3	232
37.	(i) प्रकाश के परावर्तन की परिभाषा लिखने पर 1 अंक (ii) (a) किरण चित्र बनाने 1 अंक (b) किरण चित्र बनाने पर 1 अंक (iii) दर्पण सूत्र में सही मान रखने पर 1 अंक गणना कर सही उत्तर आने पर 1 अंक v = - 48CM अथवा (OR) (i) अपवर्तन की परिभाषा लिखने पर 1 अंक (ii) (a) किरण चित्र बनाने 1 अंक (b) किरण चित्र बनाने पर 1 अंक (iii) लेंस सूत्र में सही मान रखने पर 1 अंक गणना कर सही उत्तर आने पर 1 अंक u = -30 CM	5 5	149 154 158 160 170 172
38.	(i) परिभाषा लिखने पर 1 अंक (ii) तीन अंतर लिखने पर 1 X 3= 3 अंक (iii) नामांकित चित्र बनाने पर 1 अंक अथवा (OR) (i) परिभाषा लिखने पर 1 अंक	5 5	67

BSER

	(ii) तीन अंतर लिखने पर 1 X 3= 1 अंक (iii) संरचनात्मक सूत्र लिखने पर 1 अंक		68,70, 72
39.	(i) ओम का नियम लिखने पर 1 अंक (ii) कारकों का वर्णन करने पर 2 अंक (iii) यूनिट गणना करने पर (यूनिट 96) 1 अंक कुल ऊर्जा मूल्य निकालने पर (288.00) 1 अंक अथवा (OR) (i) जूल का तापन नियम लिखने पर 1 अंक (ii) कोई 2 अंतर लिखने पर (प्रति 1 अंक) 2 अंक (iii) सूत्र में मान रखने पर 1 अंक गणना कर V का मान सही उत्तर लिखने पर 1 अंक V=20V	(1+2+1+1) 5 अंक (1+2+2) 5 अंक	195 198 209 201 210
40	(i) पूरा नाम लिखने पर 1 अंक (ii) चित्र बनाने पर 1 अंक वर्णन करने पर 1 अंक (iii) चित्र बनाकर नामांकन पर 2 अंक अथवा (OR) (i) परिभाषा लिखने पर 1 अंक (ii) क्रिया विधि वर्णन करने पर 2 अंक (iii) नामांकित चित्र बनाने पर 2 अंक	(1+2+2) 5 अंक (1+2+2) 5 अंक	98, 100 108
	योग		

BSER

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

माध्यमिक स्तर के लिए प्रस्तावित प्रश्न–पत्र प्रारूप (**Design)** सत्र 2026–2027

कक्षा – 10 **विषय :– सामाजिक विज्ञान** **समय : 3:15 घण्टे** **पूर्णांक – 80**

1. उद्देश्य हेतु अंक भार –

योग्यताएं	उद्देश्य	अंक भार	प्रतिशत
जागरूकता Awareness	ज्ञान (Knowledge)	16	20.00
	निर्माणात्मक समझ (Understanding of the Construct)	12	15.00
	प्रक्रिया की समझ– (Understanding of the Process)	12	15.00
संवेदनशीलता Sensitivity	संघर्ष समाधान (Conflict Resolution)	8	10.00
	व्यापक/उदार मानसिकता (Open Mindedness)	8	10.00
	सहयोग/योगदान (Collaboration)	4	5.00
सृजनात्मकता Creativity	नवाचारी विचार उत्पन्न करना (Generate Innovative Ideas)	6	7.50
	लचीलापन (Flexibility)	2	2.50
	प्रवाहशीलता (Fluency)	5	6.25
	अन्वेषण (Exploration)	2	2.50
	विचारों एवं अवधारणाओं का मिलान (Combining Idea & Concepts)	5	6.25
Total		80	100

2 प्रश्नों के प्रकार व अंकभार –

खण्ड.	प्रश्नों का प्रकार	प्रश्नों की संख्या	अंक प्रति प्रश्न	कुल अंक	प्रतिशत (अंको का)	प्रश्न हल करने के लिए संभावित समय मिनटों में
अ	वस्तुनिष्ठ प्रश्न	16	1	16	20	16
ब	अतिलघूत्तरात्मक	8	2	16	20	16
स	लघूत्तरात्मक	8	3	24	30	24
द	दीर्घोत्तरीय एवं स्रोत/प्रकरण/घटना/ चित्र आदि	3	4	12	15	66
	निबन्धात्मक /मानचित्र आधारित प्रश्न आदि	2	6	12	15	58
	योग	37		80	100	180
प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित समय						15
कुल समय						195

नोटः–प्रश्न पत्र निर्माता न्यूनतम दो केस आधारित (Case Based) प्रश्न अनिवार्य रूप से देवें

3. प्रश्नों के उद्देश्य के आधर पर भारात्मक अनुपात –

योग्यताएं/क्षमताएं	जागरूकता Awareness	संवेदनशीलता Sensitivity	सृजनात्मकता Creativity
प्रश्नों की संख्या	18	9	10
प्रतिशत	50	25	25

4. प्रश्नों के काठिन्य स्तर के आधार पर भारात्मक अनुपात –

कठिनाई स्तर	सरल	मध्यम	कठिन
प्रश्नों की संख्या	19	9	9
प्रतिशत	25	50	25

BSER

5. ईकाई एवं अध्यायवार अंकभार –

क्र.सं.	पाठ्यक्रम के अनुसार इकाई एवं अध्याय विवरण	पाठ्यक्रम में निर्धारित अंकभार	प्रतिशत
1	यूरोप में राष्ट्रवाद का उदय	4	5
2	भारत में राष्ट्रवाद	4	5
3	भूमंडलीकृत विश्व का बनना	4	5
4	औद्योगीकरण का युग	4	5
5	मुद्रण संस्कृति और आधुनिक दुनिया	4	5
6	संसाधन एवं विकास	3	3.75
7	वन एवं वन्य जीव संसाधन	2	2.5
8	जल संसाधन	3	3.75
9	कृषि	3	3.75
10	खनिज तथा ऊर्जा संसाधन	4	5
11	विनिर्माण उद्योग	2	2.5
12	राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखायें	3	3.75
13	सत्ता की साझेदारी	4	5
14	संघवाद	4	5
15	जाति, धर्म और लैंगिक मसले	4	5
16	राजनीतिक दल	5	6.25
17	लोकतंत्र के परिणाम	3	3.75
18	विकास	3	3.75
19	भारतीय अर्थव्यवस्था के क्षैत्रक	5	6.25
20	मुद्रा और साख	5	6.25
21	वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था	5	6.25
22	उपभोक्ता अधिकार	2	2.5
		80	100

BSER

मॉडल प्रश्न का पत्र ब्ल्यू प्रिन्ट 2026–2027

कक्षा – 10 | विषय :–सामाजिक विज्ञान | समय –03 घण्टे 15 मिनट | पूर्णांक – 80

क्र. सं.	क्षमताएं / उद्देश्य / प्रश्नों के प्रकार	जागरूकता (AWARENESS)												संवेदनशीलता (SENSITIVITY)												रचनात्मकता (CREATIVITY)																				
		ज्ञान				अवधारणा की समझ				प्रक्रिया की समझ				संघर्ष समाधान				खुले विचार				सहयोग				नवीन विचार				लचीलापन				प्रवाह				अन्वेषण				अवधारणाओं का संयोजन				
		वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय		
	इकाई / अध्याय																																													
1	यूरोप में राष्ट्रवाद का उदय					1(1)						*25(3)																																		4
2	भारत में राष्ट्रवाद																			26(3)										2(1)																4
3	भूमंडलीकृत विश्व का बनना				*36(3)																													3(1)												4
4	औद्योगीकरण का युग				*36(3)																																	4(1)								4
5	मुद्रण संस्कृति और आधुनिक दुनिया																					17(2)					18(2)																				4
6	संसाधन एवं विकास			27(3)																																											3
7	वन एवं वन्य जीव संसाधन													19(2)																																2
8	जल संसाधन																																								*37(1)				*37(2)		3
9	कृषि																			28(3)																											3
10	खनिज तथा ऊर्जा संसाधन												*33(4)																																	4
11	विनिर्माण उद्योग													5(1)													6(1)																				2
12	राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखायें																																													*37(3)	3
13	सत्ता की साझेदारी	7(1)										29(3)																																		4
14	संघवाद					8(1)										*30(3)																																4
15	जाति, धर्म और लैंगिक मसले										20(2)			9(1)																				12(1)												4
16	राजनीतिक दल								*34(4)																	10(1)																				5
17	लोकतंत्र के परिणाम																					21(2)								11(1)																3
18	विकास	13(1)					22(2)																																							3
19	भारतीय अर्थव्यवस्था के क्षैत्रक	14(1)				15(1)		31(3)																																						5
20	मुद्रा और साख				*35(4)									16(1)																																	5
21	वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था																		23(2)																				32(3)								5
22	उपभोक्ता अधिकार																										24(2)																				2
	कॉलम के अंको का योग	3	0	3	10	3	2	3	4	0	2	6	4	3	2	3	0	0	2	6	0	0	4	0	0	2	4	0	0	2	0	0	0	2	0	3	0	1	0	0	1	0	0	0	5	80
	उद्देश्यानुसार कुल योग	16				12				12				8				8				4				6				2				5				2				5				80
	कुल योग (क्षमताएं)	40												20												20																				

1. (*) आंतरिक विकल्प 2. कोष्ठक के बाहर दी गई संख्या "प्रश्न क्रमांक" है तथा कोष्ठक के अंदर की संख्या "अंक" को दर्शाती है। 3. उक्त ब्ल्यू प्रिंट मॉडल प्रश्न पत्र का है जो प्रश्नों के प्रकारों का समझने की सुविधा मात्र के लिए है। मूल परीक्षा के प्रश्न पत्र का ब्ल्यू प्रिंट अलग हो सकता है।

BSER

माध्यमिक परीक्षा, 2026-2027

Secondary Examination, 2026-2027

नमूना प्रश्न-पत्र

Model Paper

विषय - सामाजिक विज्ञान

Sub : Social Science

Sub Code - 08

कक्षा - 10वीं

Class : 10th

समय: 03 घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक: 80**

सामान्य निर्देश:-

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
Candidate must write first his/her Roll No. on the question paper compulsorily.

2. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
All the questions are compulsory.

3. प्रश्नों के उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
Write the answer to each question in the given answer-book only.

4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उनके उत्तर एक साथ ही लिखें।
For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5. प्रश्न-पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तरण में किसी प्रकार की त्रुटि/अन्तर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा का प्रश्न ही मान्य होगा।
If there is any error/difference/contradiction in the Hindi & English versions of the question paper, the Hindi version shall be treated as valid.

6. प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
Write down the serial number of the question before attempting it.

BSER

खण्ड - अ

Section - A

वस्तुनिष्ठ प्रश्न:

Objective type questions

निम्न प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए:
Select the correct answer of the following questions and write in the answer-book.

1) यदि किसी राष्ट्र में कला, काव्य, कहानियों-किस्सों और संगीत के माध्यम से राष्ट्रीय भावना जगाई जाए, तो यह किस प्रक्रिया का उदाहरण होगा ? (1)

(अ) सैन्य विस्तार (ब) रूमानी राष्ट्रवाद

(स) उपनिवेशवाद (द) रूढ़िवाद

If national sentiment is awakened in a nation through art, poetry, stories, folklore and music, it is an example of which process ?

(A) Military expansion (B) Romantic nationalism

(C) Colonialism (D) Conservatism

2) यदि कोई मजदूर 'स्वराज' का अर्थ बेहतर कार्य-परिस्थितियों से लगाए और किसान उसका अर्थ करों में राहत समझे, तो यह किस बात को दर्शाता है ? (1)

(अ) स्वराज का कोई अर्थ नहीं था

(ब) स्वराज की अवधारणा परिस्थितियों के अनुसार अलग-अलग समझी जा सकती है

(स) केवल किसान सही थे

(द) केवल मजदूर सही थे

If a worker interprets 'Swaraj' as better working conditions, while a farmer interprets it as relief from taxes, what does this indicate ?

(A) Swaraj had no meaning

(B) The concept of Swaraj could be understood differently according to people's circumstances

(C) Only the farmers were correct

(D) Only the workers were correct

3) यदि रेशम मार्ग बंद हो जाता, तो सबसे पहले किस पर प्रभाव पड़ता ? (1)

(अ) केवल कृषि

(ब) केवल युद्ध

(स) एशिया और यूरोप के बीच व्यापार एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान

(द) केवल धार्मिक गतिविधि

If the Silk Route were to close, what would be affected first ?

(A) Trade agriculture

(B) Only warfare

(C) Trade and cultural exchange between Asia and Europe

(D) Only religious activities

4) यदि कारखानों में उत्पादन एक ही छत के नीचे होने लगा, तो मालिक को सबसे अधिक क्या सुविधा मिली ? (1)

(अ) करों में छूट

(ब) कच्चे माल के आयात पर पूर्ण नियंत्रण

(स) घरेलू उत्पादन प्रणाली का अधिक विस्तार

(द) उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता तथा श्रमिकों की प्रभावी निगरानी

If production in factories was brought under one roof, what was the greatest advantage for the factory owner ?

(A) Exemption from taxes

(B) Complete control over the import of raw materials

(C) Expansion of the domestic production system

(D) Effective supervision of the production process, quality and workers

5) निम्नलिखित में से कौनसा स्वामित्व के आधार पर सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा संचालित उद्योग है ? (1)

BSER

(अ) आयल इंडिया लिमिटेड

(ब) बजाज ऑटो लिमिटेड

(स) टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी

(द) भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लिमिटेड

Which of the following is an industry operated by the public sector based on ownership ?

(A) Oil India Limited (B) Bajaj Auto Limited (C) Tata Iron and Steel Company (D) Bharat Heavy Electricals Limited

6) निम्नलिखित में से पर्यावरण प्रदूषण रोकथाम हेतु अपनाए गए प्रयासों में सम्मिलित नहीं है ? (1)

(अ) तरल अपशिष्ट प्रबन्धन

(ब) वनोन्मूलन

(स) राख युक्त जलीय पुनर्चक्रण

(द) राख-संग्रह

Which of the following is not included among the efforts adopted to prevent environmental pollution ?

(A) Liquid waste management

(B) Deforestation

(C) Ash-based aqueous recycling

(D) Ash-collection

7) किस देश में सत्ता का बँटवारा सामाजिक समूहों में होने पर 'सामुदायिक सरकार' दिखाई देती है ?

(1)

(अ) ब्रिटेन (ब) बेल्जियम

(स) भारत (द) श्रीलंका

In which country does a 'Community Government' appear when power is shared among social groups ?

(A) Britain (B) Belgium

(C) India (D) Sri Lanka

8) निम्नलिखित में से किस देश में संघीय शासन व्यवस्था नहीं है ? (1)

(अ) संयुक्त राज्य अमेरिका (ब) श्रीलंका

(स) भारत (द) बेल्जियम

Which of the following countries does not have a federal government system?

(A) United States of America (B) Sri Lanka

(C) India (D) Belgium

9) एक विचारधारा जो अधिकारों एवं अवसरों के मामलों में स्त्री एवं पुरुष को बराबर मानती है, वह है :- (1)

(अ) फासीवाद (ब) अधिनायकवाद

(स) नारीवाद (द) साम्प्रदायिकतावाद

An ideology which believes in equal rights and opportunities for women and men is :-

(A) Fascism (B) Totalitarianism

BSER

(C) Feminism (D) Communalism

10) भारत में कौनसी दलीय व्यवस्था है ?

(1)

(अ) एक दलीय (ब) त्रिदलीय

(स) द्विदलीय (द) बहुदलीय

According to you, which party system is there in India ?

(A) One-party (B) Tripartite

(C) Two-party (D) Multi-party

11) निम्नलिखित में से किस शासन प्रणाली में व्यक्ति की गरिमा सर्वाधिक सुरक्षित रहती है ?

(1)

(अ) लोकतांत्रिक शासन (ब) राजतंत्रात्मक शासन

(स) तानाशाही शासन (द) सीमित राजतंत्रात्मक शासन

Which of the following systems of governance ensures the greatest protection of individual dignity ?

(A) Democratic Rule (B) Monarchical Rule (C) Dictatorship Rule (D) Limited Monarchical Rule

12) जब हम लैंगिक विभाजन की बात करते हैं तो हमारा अभिप्राय होता है :-

(1)

(अ) स्त्री एवं पुरुष के बीच जैविक अंतर

(ब) बालक और बालिकाओं की संख्या का अनुपात

(स) समाज द्वारा स्त्री एवं पुरुष को दी गई असमान भूमिकाएँ

(द) लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में महिलाओं को मतदान का अधिकार न मिलना

When we talk about gender division we mean :-

(A) Biological difference between men and women

(B) Ratio of number of girls and boys

(C) Unequal roles given to men and women by society

(D) Women not getting the right to vote in democratic systems

13) मानव विकास रिपोर्ट (HDR) किस संस्था द्वारा प्रकाशित की जाती है ?

(1)

(अ) विश्व बैंक (ब) आई.एम.एफ.

(स) यू.एन.डी.पी. (द) डब्ल्यू.टी.ओ.

By which organisation is the Human Development Report published ?

(A) World Bank (B) IMF

(C) UNDP (D) WTO

14) जब हम प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करके किसी वस्तु का उत्पादन करते हैं तो इसे ..... की गतिविधि कहा जाता है।

(1)

(अ) प्राथमिक क्षेत्रक (ब) तृतीयक क्षेत्रक

(स) द्वितीयक क्षेत्रक (द) सूचना क्षेत्रक

BSER

When we produce a good by utilising natural resources, it is called a ..... activity.
(A) Primary Sector (B) Tertiary Sector

(C) Secondary Sector (D) Information Sector

15) निम्न में से कौन-सा संगठित क्षेत्रक का उदाहरण है :- **(1)**

(अ) सिर पर बोझा ढोने वाला श्रमिक
(ब) सरकारी विद्यालय का अध्यापक
(स) कबाड़ उठाने वाला
(द) सड़क पर विक्रेता का काम

Which of the following is an example of an organised sector ?
(A) Labourer who carries loads on his head

(B) Teacher of a govt. school

(C) Scrap collector

(D) Street vendor

16) मांग जमा अर्थव्यवस्था में किस कारण महत्वपूर्ण है ? (1)
(अ) यह विनिमय के माध्यम के रूप में कार्य करती है
(ब) यह केवल सरकार के उपयोग के लिये है
(स) इससे वस्तु-विनिमय होता है
(द) इसका उपयोग केवल बड़े उद्योग करते हैं

Why is demand deposit important in an economy ?

(A) It serves as a medium of exchange

(B) It is intended solely for government use

(C) This results in barter exchange

(D) It is used only by large industries

BSER

खण्ड – ब

Section – B

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न: निम्न प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक पंक्ति में दीजिए।
Very Short answer type questions: Answer the following questions in one word or one line.

17) कोंकणी भाषा में पुस्तकों के प्रकाशन में किसका प्रमुख योगदान था ? इस हेतु उन्होंने क्या किया ?

(1+1=2)

Who made a major contribution to the publication of books in the Konkani language ? What did they do for this ?

18) यदि आज के डिजिटल युग में अठारहवीं सदी जैसी पढ़ने की रुचि विकसित करनी हो, तो आप कौनसे उपाय सुझाएंगे ?

(2)

If one were to cultivate an interest in reading akin to that of the eighteenth century in today's digital age, what new approach would you suggest ?

19) स्थानीय समुदाय और वन विभाग मिलकर वन संरक्षण को कैसे सफल बना सकते हैं ? कोई दो उपाय लिखिए।

(1+1=2)

How can local communities and the forest department work together to make forest conservation successful ? Suggest two ways to do this.

20) जातिगत असमानताओं के कोई दो उदाहरण दीजिए।

(1+1=2)

Give any two examples of caste inequalities.

21) लोकतंत्र को सबसे बेहतर शासन व्यवस्था बताने वाले कोई दो उदाहरण दीजिए ?

(1+1=2)

Give any two examples which show that democracy is the best form of governance ?

22) ''विकास के लिए लोग मिले-जुले लक्ष्यों को देखते हैं।'' कथन की व्याख्या कीजिए।

(2)

"For development, people look at a mix of goals." Explain the statement.

23) ''वैश्वीकरण से उपभोक्ताओं को अधिक विकल्प और बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद मिलते हैं।'' इस कथन की व्याख्या कीजिए।

(2)

Explain the statement that globalisation provides consumers with more choice and better quality products.

24) मान लीजिए आप शहद की एक बोतल और बिस्किट का एक पैकेट खरीदते हैं। खरीदते समय आप कौन-सा लोगो या शब्द-चिन्ह देखेंगे और क्यों ?

(1+1=2)

Suppose you buy a bottle of honey and a packet of biscuits. Which logo would you look for while buying them, and why ?

BSER

खण्ड - स
Section – C

लघूत्तरात्मक प्रश्न: (उत्तर शब्द सीमा लगभग 50 शब्द)
Short answer type questions : (Answer word limit approx. 50 words)

25) 1848 की उदारवादी क्रांति के विकास-क्रम का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

(3)

Briefly describe the development of the liberal revolution of 1848.

अथवा / OR

जर्मनी के एकीकरण में प्रशा और उसकी सेना की भूमिका क्रमबद्ध रूप से स्पष्ट कीजिए।
Explain systematically the role of Prussia and its army in the unification of Germany.

26) नीचे दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(1+1+1=3)

6 जनवरी 1921 को संयुक्त प्रांत में रायबरेली के पास पुलिस ने किसानों पर गोली चलाई। जवाहरलाल नेहरू घटनास्थल का दौरा करना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। गुस्से में नेहरू ने अपने आसपास खड़े किसानों को ही संबोधित किया। बाद में इस सभा के बारे में उन्होंने बताया था —

"उनका आचरण खतरे के सामने होते हुए भी उनका आचरण बहादुर, शांत और अविचलित लोगों जैसा था। पता नहीं उन्हें क्या महसूस हो रहा था, लेकिन मुझे पता है कि मैं क्या महसूस कर रहा था। एक पल के लिए मेरा भी खून खौल उठा था, अहिंसा तो न जाने कहाँ छूट गई थी, लेकिन सिर्फ एक पल के लिए। जिस महान नेता को ईश्वर की कृपा से हमें विजय-द्वार पर ले जाने के लिए भेजा गया है, उसके विचार मुझे याद आ गए, और मैंने देखा कि मेरे आसपास बैठे और खड़े किसान मुझसे कम उत्तेजित, मुझसे ज्यादा शांत थे। मेरी दुर्बलता का यह क्षण बीत गया। मैंने पूरी विनम्रता के साथ अहिंसा पर उनसे बात की। मुझे उनसे अधिक सबक की आवश्यकता थी, और उन्होंने मेरी बात मानी तथा शांतिपूर्वक तितर-बितर हो गए।"

(सर्वपल्ली गोपाल, जवाहरलाल नेहरू : एक जीवन, खंड 1 में उद्धृत।)

26.1) विपरीत परिस्थितियों में भी शांत रहना समाज के लिए क्यों आवश्यक है ?
26.2) इस घटना से लोकतांत्रिक नेतृत्व की कौन-सी विशेषता उजागर होती है ?
26.3) समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए कौन-सा मूल्य सबसे अधिक आवश्यक है ?

Read the source given below carefully and answer the questions that follow.

On 6 January 1921 the police in the United Provinces fired at peasants near Rae Bareli. Jawaharlal Nehru wanted to go to the place of firing, but was stopped by the police. Agitated and angry, Nehru addressed the peasants who had gathered around him. This is how he later described the meeting :

"They behaved as brave men, calm and unruffled in the face of danger. I do not know what my feelings were, for a moment my blood was up, non-violence was almost forgotten but for a moment only. The thought of the great leader, who by God's goodness has been sent to lead us to victory, came to me, and I saw the peasants seated and standing near me less excited, more peaceful than I was, and the moment of weakness passed. I spoke to them in all humility on non-violence. I needed the lesson more than they, and they heeded me and peacefully dispersed."

(Quoted in Sarvepalli Gopal, Jawaharlal Nehru : A Biography.)

26.1) Why is it essential for society to remain calm even in adverse circumstances ?
26.2) Which characteristic of democratic leadership is highlighted by this incident ?
26.3) Which value is most essential for maintaining peace and harmony in society ?

27) रियो डी जेनेरो पृथ्वी सम्मेलन 1992 व एजेंडा-21 पर लेख लिखिए।

(1½+1½=3)

Write an article on Agenda-21 of the 1992 Rio de Janeiro Earth Summit.

BSER

28) ''भारत में गहन जीविका कृषि उन क्षेत्रों में की जाती है, जहाँ भूमि सीमित तथा जनसंख्या का दबाव अधिक होता है। ऐसे क्षेत्रों में किसान अधिक उत्पादन के लिए आधुनिक तकनीक, सिंचाई तथा उर्वरकों का उपयोग करते हैं।''

यदि आप कृषि नीति-निर्माता होते, तो गहन जीविका कृषि को अधिक टिकाऊ, पर्यावरण-अनुकूल तथा छोटे किसानों के हित में बनाने के लिए कोई तीन व्यावहारिक सुझाव दीजिए। अपने उत्तर में किसानों, प्राकृतिक संसाधनों तथा समाज — तीनों के हितों को ध्यान में रखिए।

(1+1+1=3)

In India, intensive subsistence agriculture is practiced in regions where land is limited and population pressure is high. In such areas, farmers employ modern techniques, irrigation and fertilizers to maximize production.

If you were an agricultural policymaker, provide three practical suggestions to make intensive subsistence agriculture more sustainable, environmentally friendly, and beneficial to small farmers. In your answer consider the interests of all three stakeholders : farmers, natural resources and society.

29) लोकतंत्र में सत्ता की साझेदारी क्यों आवश्यक है ? कोई तीन तर्क देकर स्पष्ट कीजिए ?

(1+1+1=3)

Why is power sharing necessary in democracy ? Explain by giving three arguments ?

30) संघीय शासन व्यवस्था की कोई तीन विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए।

(1+1+1=3)

Analyze any three characteristics of the federal government system ?

अथवा /OR

1992 के संविधान संशोधन द्वारा स्थानीय शासन को मजबूत बनाने के लिए किए गए उपायों में से कोई तीन उपाय लिखिए।

Write any three measures taken by the 1992 constitutional amendment to strengthen local government.

31) सार्वजनिक क्षेत्रक की गतिविधियों के दो उदाहरण दीजिए और व्याख्या कीजिए कि सरकार द्वारा इन गतिविधियों का क्रियान्वयन क्यों किया जाना चाहिए ?

(1+1+1=3)

Give two examples of public sector activities and explain why the government should undertake these activities.

32) वैश्वीकरण को संभव बनाने में सूचना और प्रौद्योगिकी की भूमिका का औचित्य सिद्ध कीजिए।

(3)

Justify the role of information and technology in making globalization possible.

BSER

खण्ड - द
Section – D

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न: (उत्तर शब्द सीमा लगभग 100 शब्द)
Long answer type questions : (Answer word limit approx. 100 words)

33) भारत में लौह अयस्क की पेटियों का विश्लेषण कीजिए।

(1+1+1+1=4)

Analyze the iron ore belts in India.

अथवा / OR

परम्परागत ऊर्जा स्रोत को परिभाषित करते हुए परम्परागत ऊर्जा के प्रमुख स्रोतों के नाम बताइए तथा किन्हीं दो स्रोतों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।
Define conventional energy sources, name the major sources of conventional energy, and provide a brief introduction to any two of them.

34) लोकतांत्रिक देश में राजनीतिक दलों की आवश्यकता का वर्णन कीजिए। **(4)**
Describe the need for political parties in a democratic country ?

अथवा / OR

भारत में राजनीतिक दलों के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों पर एक लेख लिखिए।
Write an article on the challenges faced by political parties in India ?

35)
(i) ''आवश्यकताओं का दोहरा संयोग'' का आशय स्पष्ट कीजिए।
(ii) मुद्रा ने आवश्यकताओं के दोहरे संयोग की समस्या को किस प्रकार समाप्त किया, समझाइए।

(i) Define "double coincidence of wants."
(ii) Explain how money has eliminated the problem of the "double coincidence of wants."

(2+2=4)

अथवा / OR

(i) बैंकों की किन्हीं दो ऋण-सम्बन्धी गतिविधियों को लिखिए।
(ii) औपचारिक तथा अनौपचारिक ऋण-स्रोतों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
(i) Write down any two loan-related activities of banks.
(ii) Explain formal and informal sources of credit with examples.

BSER

निबन्धात्मक प्रश्न: (उत्तर शब्द सीमा लगभग 250 शब्द)
Essay type question : (Answer word limit approx. 250 words)

36)
(अ) भारत में मैनचेस्टर के कपड़ों के आगमन का भारतीय वस्त्र-उद्योग पर क्या प्रभाव पड़ा ?
(ब) भारतीय उद्यमियों तथा भारतीय अनुबंधित गिरमिटिया श्रमिकों की वैश्विक अर्थव्यवस्था में भूमिका का वर्णन कीजिए। (6)

(A) What impact did the arrival of Manchester cloth in India have on the Indian textile industry ?
(B) Describe the role of Indian entrepreneurs and Indian indentured (Girmitiya) labour in the global economy.

अथवा / OR

(अ) औद्योगीकरण के विकास में प्रारम्भिक उद्यमियों तथा मजदूरों के स्रोत का वर्णन कीजिए।
(ब) उपनिवेशवाद ने वैश्विक व्यापार एवं विश्व-व्यवस्था को किस प्रकार प्रभावित किया ?
(A) Describe the source of early entrepreneurs and labourers in the development of industrialization.
(B) How did colonialism affect global trade and the world order ?

37) भारत के रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्हीं 6 को अंकित कीजिए।
(1+1+1+1+1+1=6)

1. स्वर्णिम चतुर्भुज राजमार्ग
2. सिलचर
3. मार्मागाओ
4. काण्डला
5. चेन्नई
6. अमृतसर
7. कलिंग
8. कोयना
9. नर्मदा नदी
10. हिराकुड बांध
11. राणा प्रताप सागर बांध
12. पेरियार नदी

Mark any six of the following on an outline map of India :

1. Golden Quadrilateral Highway
2. Silchar
3. Marmagaon
4. Kandla
5. Chennai
6. Amritsar
7. Kalinga
8. Koyana
9. Narmada River
10. Hirakud Dam
11. Rana Pratap Sagar Dam
12. Periyar River

BSER

माध्यमिक परीक्षा, 2026-2027

Secondary Examination, 2026-2027

उत्तर कुंजी

Answer Key

विषय - सामाजिक विज्ञान / Sub : Social Science

कक्षा - 10 / Class : 10th

प्र.सं.	अपेक्षित उत्तर	अंक	पृष्ठ सं.
1	(ब) रूमानी राष्ट्रवाद	1	13
2	(ब) स्वराज की अवधारणा परिस्थितियों के अनुसार अलग-अलग समझी जा सकती है।	1	34
3	(स) एशिया और यूरोप के बीच व्यापार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान	1	54
4	(द) उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता तथा श्रमिकों की प्रभावी निगरानी	1	82
5	(द) भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लिमिटेड	1	59
6	(ब) वनोन्मूलन	1	69
7	(ब) बेल्जियम	1	09
8	(ब) श्रीलंका	1	14
9	(स) नारीवाद	1	32
10	(द) बहुदलीय	1	51
11	(अ) लोकतांत्रिक शासन [कृपया विकल्पों की पुष्टि करें — ऊपर टिप्पणी देखें]	1	71
12	(स) समाज द्वारा स्त्री एवं पुरुष को दी गई असमान भूमिकाएँ	1	30
13	(स) UNDP	1	13
14	(अ) प्राथमिक क्षेत्रक	1	20
15	(ब) सरकारी विद्यालय का अध्यापक	1	32
16	(अ) यह विनिमय के माध्यम के रूप में कार्य करती है।	1	41
17	जेसुइट पुजारियों का — उन्होंने कोंकणी भाषा सीखी।	(1+1=2)	120
18	रीडिंग कैंपेन जैसे कार्यक्रम चलाकर (अन्य अपेक्षित उत्तर भी मान्य)	2	114
19	संयुक्त वन प्रबन्धन / पारम्परिक ज्ञान का उपयोग / जागरूकता अभियान / वैकल्पिक रोजगार (इनमें से कोई दो या अन्य)	2	88
20	व्यवसाय व आर्थिक स्थिति में असमानता, विवाह-सम्बन्धों में पाबन्दी (अन्तर्विवाह) (अन्य कोई)	(1+1=2)	38
21	समानता को बढ़ावा, व्यक्ति की गरिमा का सम्मान (अन्य कोई)	(1+1=2)	64
22	पृष्ठ संख्या 6 पर उत्तर दिया गया है।	2	6
23	पृष्ठ संख्या 66 पर उत्तर दिया गया है।	2	66
24	पृष्ठ संख्या 85 पर उत्तर दिया गया है।	(1+1=2)	85
25	राजा को गद्दी छोड़नी पड़ी, गणतन्त्र की घोषणा की गई, संविधानवाद की मांग बढ़ी। अथवा — सेना ने नौकरशाही की मदद की, बिस्मार्क का योगदान, अनेक युद्ध लड़े।	3	19
26	26.1) इससे हिंसा टलती है और सामाजिक सद्भाव बना रहता है। 26.2) जनता से सीखना और उसकी भावना का सम्मान। 26.3) अहिंसा और सहिष्णुता।	(1+1+1=3)	35
27	रियो डी जेनेरो सम्मेलन 1992 का परिचय, भाग लेने वाले राष्ट्रों की संख्या, उद्देश्य आदि। एजेंडा-21 का स्थान, उद्देश्य आदि।	(1½+1½=3)	2
28	किसानों के हित में — फसल उत्पादन के साथ-साथ पशुपालन, मधुमक्खी-पालन या डेयरी फार्मिंग जोड़ना, जिससे किसानों को अतिरिक्त आय एवं निस्तार प्राप्त होता है। पर्यावरण के अनुकूल — पशुओं के मल-मूत्र से जैविक खाद बनती है, जिससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है और मिट्टी की गुणवत्ता सुधरती है। समाज के हित में — इससे स्थानीय स्तर पर ग्रामीण रोजगार के नए अवसर पैदा होते हैं और समाज को शुद्ध खाद्य पदार्थ मिलते हैं। (अथवा इनके समकक्ष अन्य उत्तर)	(1+1+1=3)	31
29	युक्तिपरक कारण, नैतिक कारण (अन्य कोई)	1+1+1=3	06
30	सरकार के दो या अधिक स्तर, विभिन्न क्षेत्रों की सरकारों के कार्यक्षेत्र स्पष्ट (अन्य कोई)	1+1+1=3	15
31	पृष्ठ संख्या 33-34 पर उत्तर दिया गया है।	1+2=3	33-34
32	पृष्ठ संख्या 63 पर उत्तर दिया गया है।	3	63

BSER

33	ओडिशा-झारखण्ड पेटी / दुर्ग-बस्तर-चन्द्रपुर पेटी / बल्लारी-चित्रदुर्ग-चिक्कमंगलूरू-तुमकुरु पेटी। अथवा — परम्परागत ऊर्जा स्रोत की परिभाषा, प्रमुख स्रोत : कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस (किन्हीं दो का वर्णन)	1+1+1+1=4	45, 24
34	सरकार का गठन व संचालन, लोकमत (जनमत) का निर्माण (अन्य कोई)। अथवा — आंतरिक लोकतंत्र का अभाव, वंशवाद और परिवारवाद	4	47, 57
35	(i) पृष्ठ 39-40 (ii) पृष्ठ संख्या — अथवा — (i) पृष्ठ 42 (ii) पृष्ठ 49-50	2+2=4	39-40, 42, 49-50
36	(अ) पृष्ठ 92 देखें (ब) पृष्ठ 63 देखें — अथवा — (अ) पृष्ठ 94-95 देखें (ब) पृष्ठ 65-66 देखें	3+3=6	—
37	मानचित्र	—	—
	योग	80	

BSER

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

माध्यमिक स्तर के लिए प्रस्तावित प्रश्न–पत्र प्रारूप (**Design)** सत्र 2026–2027

कक्षा – 10 **विषय :– गणित** **समय : 3:15 धण्टे** **पूर्णांक – 80**

1. उद्देश्य हेतु अंक भार –

योग्यताएं	उद्देश्य	अंक भार	प्रतिशत
जागरूकता Awareness	ज्ञान (Knowledge)	14	17.50
	निर्माणात्मक समझ (Understanding of the Construct)	13	16.25
	प्रक्रिया की समझ– (Understanding of the Process)	13	16.25
संवेदनशीलता Sensitivity	**संघर्ष समाधान** (Conflict Resolution)	8	10.00
	व्यापक / उदार मानसिकता (Open Mindedness)	6	7.50
	सहयोग / योगदान (Collaboration)	6	7.50
सृजनात्मकता Creativity	**नवाचारी विचार उत्पन्न करना** (Generate Innovative Ideas)	2	2.50
	लचीलापन (Flexibility)	5	6.25
	प्रवाहशीलता (Fluency)	5	6.25
	अन्वेषण (Exploration)	4	5.00
	विचारों एवं अवधारणाओं का मिलान (Combining Idea & Concepts)	4	5.00
P	Total	80	100

2 प्रश्नों के प्रकार व अंकभार –

खण्ड.	प्रश्नों का प्रकार	प्रश्नों की संख्या	अंक प्रति प्रश्न	कुल अंक	प्रतिशत (अंको का)	प्रश्न हल करने के लिए संभावित समय मिनटों में
अ	वस्तुनिष्ठ प्रश्न	20	1	20	25	20
ब	अतिलघूत्तरात्मक	8	2	16	20	16
स	लघूत्तरात्मक	8	3	24	30	28
द	दीर्घोत्तरीय एवं स्रोत / प्रकरण / घटना / चित्र / क्रियाविधि आधारित प्रश्न आदि	4	5	20	25	116
	योग	40		80	100	180
प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित समय						15
कुल समय						195

नोटः–प्रश्न पत्र निर्माता न्यूनतम दो केस आधारित (Case Based) प्रश्न अनिवार्य रूप से देवें

3. प्रश्नों के उद्देश्य के आधार पर भारात्मक अनुपात –

योग्यताएं / क्षमताएं	जागरूकता (40) Awareness	संवेदनशीलता (20) Sensitivity	सृजनात्मकता (20) Creativity
प्रश्नों की संख्या	20	10	10
प्रतिशत	50	25	25

4. प्रश्नों के काठिन्य स्तर के आधार पर भारात्मक अनुपात –

कठिनाई स्तर	सरल	मध्यम	कठिन
प्रश्नों की संख्या	10	20	10
प्रतिशत	25	50	25

BSER

5. ईकाई एवं अध्यायवार अंकभार –

क्र.सं.	पाठ्यक्रम के अनुसार इकाई एवं अध्याय विवरण	पाठ्यक्रम में निर्धारित अंकभार	प्रतिशत
1	वास्तविक संख्याएँ	4	5.00
2	बहुपद	4	5.00
3	दो चर वाले रैखिक समीकरण युग्म	5	6.25
4	द्विघात समीकरण	4	5.00
5	समांन्तर श्रेढ़ीण	5	8.75
6	त्रिभुज	4	10.00
7	निर्देशांक ज्यामिति	7	6.25
8	त्रिकोणमिति का परिचय	8	7.50
9	त्रिकोणमिति के कुछ अनुप्रयोग	5	6.25
10	वृत्त	6	7.50
11	वृत्त से संबंधित क्षेत्रफल	5	6.25
12	पृष्ठीय क्षेत्रफल और आयतन	6	7.50
13	सांख्यिकी	13	16.25
14	प्रायिकता	4	5.00
		80	100

BSER

मॉडल प्रश्न पत्र ब्ल्यू प्रिन्ट 2026–2027

कक्षा – 10 विषय :– गणित समय 3:15 घण्टे पूर्णांक – 80

क्र. सं.	क्षमताएं / उद्देश्य / प्रश्नों के प्रकार	जागरूकता (AWARENESS)												संवेदनशीलता (SENSITIVITY)												रचनात्मकता (CREATIVITY)																				अंकों का योग
		ज्ञान				अवधारणा की समझ				प्रक्रिया की समझ				संघर्ष समाधान				खुले विचार				सहयोग				नवीन विचार				लचीलापन				प्रवाह				अन्वेषण				अवधारणाओं का संयोजन				
		वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरिय	लघुत्तरिय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरिय	लघुत्तरिय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरिय	लघुत्तरिय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरिय	लघुत्तरिय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरिय	लघुत्तरिय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरिय	लघुत्तरिय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरिय	लघुत्तरिय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरिय	लघुत्तरिय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरिय	लघुत्तरिय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरिय	लघुत्तरिय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरिय	लघुत्तरिय	दीर्घ उत्तरीय	
	इकाई/अध्याय																																													
1	वास्तविक संख्याएँ	1(1)								6(1)																	21(2)																			4
2	बहुपद	2(1)	23(2)											7(1)																															4
3	दो चर वाले रैखिक समीकरण युग्म	8(1)				9(1)																																		29(3)					5
4	द्विघात समीकरण	10(1)																				3(1)																							4
5	समांन्तर श्रेढ़ीण	11(1)						31(3)						12(1)																															5
6	त्रिभुज	13(1)												17(1)																													27(2)			4
7	निर्देशांक ज्यामिति										28(2)																																		7
8	त्रिकोणमिति का परिचय									14(1)															*39(5)																		25(2)			8
9	त्रिकोणमिति के कुछ अनुप्रयोग			*35(3)			22(2)																																						5
10	वृत्त						26(2)							18(1)																																3
11	वृत्त से संबंधित क्षेत्रफल											32(3)		19(1)		33(3)															15(1)															8
12	पृष्ठीय क्षेत्रफल और आयतन								*40(5)									16(1)																											6
13	सांख्यिकी			*36(3)								30(3)									*37(5)									20(1)								5(1)							13
14	प्रायिकता											34(3)																		4(1)															4
		6	2	6	0	1	4	3	5	2	2	9	0	5	0	3	0	1	0	0	5	1	0	0	5	0	2	0	0	3	2	0	0	0	0	0	5	1	0	3	0	0	4	0	0	80
		14				13				13				8				6				6				2				5				5				4				4			
	कुल योग (क्षमताएं)	40												20												20																			80

नोट – 1 .(*) आंतरिक विकल्प

2. कोष्ठक के बाहर दी गई संख्या ''प्रश्न क्रमांक'' है तथा कोष्ठक के अन्दर की संख्या ''अक'' को दर्शाती है।

3. उक्त ब्लू प्रिन्ट मॉडल प्रश्न पत्र का है जो प्रश्नों के प्रकारों का समझने की सुविधा मात्र के लिए है। मूल परीक्षा के प्रश्न पत्र का ब्लयू प्रिट अलग हो सकता है।

BSER

माध्यमिक परीक्षा 2026–27

कक्षा–10

विषय–गणित

Subject -Mathematics

विषय कोड– 09

Subject Code - 09

समय : 3 घंटे 15 मिनट **पूर्णांक : 80**

सामान्य निर्देश :–

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
   Candidate must first write their Roll no. on the question paper compulsory.
2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।
   All the questions are solve compulsory.
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।
   Write the answer to each question in the given answer book only.
4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
   For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.
5. प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न पत्र का क्रमांक अवश्य लिखें।
   Write down the serial of the question before attempting it.
6. प्रश्न क्रमांक 1 से 20 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, सही विकल्प का चयन कर उत्तर पुस्तिका में उत्तर लिखें।
   Question 1 to 20 are objective type with only one correct option. Select the correct option and write the answer in the answer book.

BSER

7. प्रश्न क्रमांक 21 से 28 अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न हैं। शब्द सीमा 20–30 शब्द है।

Question no. 21 to 28 are very short answer type questions. Word limit 20-30 words.

8. प्रश्न क्रमांक 29 से 36 लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनकी शब्द सीमा 40–60 शब्द है।

Question no. 29 to 36 are short type questions with word limit 40-60 words.

9. प्रश्न क्रमांक 37 से 40 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं।

Question no. 37 to 40 are Long Answer type questions.

10. प्रश्न क्रमांक 35 से 40 तक में आंतरिक विकल्प है।

There are internal choices in question no. 35 to 40.

11. प्रश्न क्रमांक 29 को ग्राफ पेपर की सहायता से हल करें।

Solve question no. 29 with the help of graph paper.

12. प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतर में किसी प्रकार की त्रुटि/अंतर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को सही मानें।

If there is any error/difference/contradiction in Hindi and English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

BSER

खण्ड–अ
SECTION- A

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)
(Objective Type Question) (Each Question 01 Marks)

1. *HCF* ज्ञात करने की यूक्लिड विभाजन प्रमेयिका किस पर आधारित है, पहचानिए।

(अ) भागफल (ब) शेषफल

(स) भाजक (द) गुणज

Identify what Euclid's Division Lemma for finding the *HCF* is based on,

(a) quotient (b) Remainder

(c) divisor (d) Multiple

2. एक विद्यार्थी ने बहुपद $\left(x^2-5x+6\right)$ के गुणनखण्ड इस प्रकार लिखे है, सही विकल्प का चयन कीजिए।

(अ) $\left(x+2\right)\left(x-3\right)$ (ब) $\left(x-2\right)\left(x+3\right)$

